गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2019/ 02.08.2019

| | |
|---|---|
| लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लज़ा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुम्बई - 400051 | लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुम्बई - 400001 |

**विषय : वित्त वर्ष 2018-19 हेतु अंतिम लाभांश एवं रिमोट ई-वोटिंग की सूचना**

प्रिय महोदय,

यह वित्त वर्ष 2018-19 की वार्षिक आम सभा की तिथि की सूचना और वित्त वर्ष 2018-19 के वार्षिक रिपोर्ट के संबंध में गेल के पत्र दिनांक 23.07.2019 तथा अंतिम लाभांश की घोषणा के उद्देश्य से खाता बंदी सूचना से संबंधित पत्र दिनंक 25.07.2019 के अनुक्रम में है।

सूचित किया जाता है कि उक्त वार्षिक आम सभा में सदस्यों के अनुमोदन के अध्यधीन घोषणा की तिथि के अनुसार, कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर @ 8.85% (रु 0.885/- प्रति इक्विटी शेयर) की दर से वित्त वर्ष 2018-19 के लिए अंतिम लाभांश के भुगतान हेतु सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से ***मंगलवार दिनांक 13 अगस्त, 2019 से मंगलवार दिनांक 20 अगस्त, 2019 (दोनों दिन सम्मिलित)*** तक कंपनी का सदस्य रजिस्टर और शेयर अंतरण खाते बंद रहेंगे।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **शुक्रवार, दिनांक 16 अगस्त, 2019 (प्रात: 09:00 बजे) (आईएसटी) से शुरु होकर सोमवार दिनांक 19, अगस्त, 2019 (सायं 05:00 बजे) (आईएसटी)** पर खत्म होगी। इस अवधि के दौरान कंपनी के सदस्य, जिनके पास अंतिम तिथि अर्थात् ***मंगलवार*** दिनांक *13 अगस्त, 2019* पर भौतिक या डीमैट रूप में शेयर हैं, वे रिमोट ई-वोटिंग / मतदान पर्ची की सुविधा प्राप्त करने के हकदार होंगे।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

धन्यवाद,

भवदीय

(ए.के. झा)

कंपनी सचिव